# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा के लिये की बैठक : आग से संबंधित घटनाओं से निपटने और उन्हें रोकने के लिये पर्याप्त अभ्यास नियमित तौर पर किये जाने के दिये निर्देश।
2. प्रदश सरकार, लू से मरने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये और चुनाव ड्यूटी के दौरान गर्मी से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की देगी आर्थिक सहायता।
3. केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जरूरत पड़ने पर और बिजली दी जायेगी।

और

4. प्रदेश में 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी : मतगणना स्थलों पर सुरक्षा के साथ अन्य व्यवस्थाओं को किया जा रहा है दुरूस्त।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में एक बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री को मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के अनुसार जानकारी दी गई कि राजस्थान, गुजरात, और मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी जारी रहने की संभावना है। इस वर्ष मानसून सामान्य रहने की संभावना है और देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है जबकि प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है।

प्रधानमंत्री ने निर्देश दिये कि आग से संबंधित घटनाओं से निपटने और उन्हें रोकने के लिए पर्याप्त अभ्यास नियमित तौर पर अवश्य किए जाने चाहिए। अस्पतालों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बिजली सुरक्षा एवं अग्निशमन की जांच नियमित तौर पर अवश्य की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री को जंगलों की आग की समय पर पहचान करने और इसके प्रबंधन से संबंधित पोर्टल वन अग्नि की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई।

---

प्रदेश सरकार ने लू से मरने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये और चुनाव ड्यूटी के दौरान गर्मी से मौत होने पर 15 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। सरकार ने कहा कि मुआवजे के लिए मृतक व्यक्ति

की पोस्टमार्टम रिपोर्ट जरूरी होगी ताकि यह पता चल सके कि व्यक्ति की मौत लू लगने के कारण हुई है। लू से किसी व्यक्ति की मौत होने के बाद उसकी सूचना तहसीलदार, एसडीएम को देना जरूरी होगा। राजस्व विभाग द्वारा ये रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी जाएगी।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अपन–अपन जिलों में लोगों को लू से बचाने की पूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली कटौती न हो, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था और पशुओं के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। उन्होंने गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए जगह–जगह प्याऊ लगवाने, अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था कराने के साथ ही गांवों में हैंडपम्प चालू कराने के भी निर्देश दिये हैं।

——————————

लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले, निजी टेलीविजन चैनलों और अन्य एजेंसियों ने मतदान पश्चात् सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। अधिकतर ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिलने की बात कही है।

इन परिणामों के अनुसार पांच सौ 45 सदस्यों वाली लोकसभा में राजग को दो–तिहाई बहुमत मिल सकता है।

चुनाव विशेषज्ञों ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले गठबंधन के साढे तीन सौ से अधिक सीटें जीतने का अनुमान व्यक्त

किया है। विपक्षी आई.एन.डी.आई गठबंधन का एक सौ 25 से डेढ सौ तक सीट मिल सकती हैं।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बारे में कई प्राइवेट टीवी चनलों और अन्य एजेंसियों के एग्जिट पोल के आंकडे खारिज कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि एग्जिट पोल पूरी तरह फर्जी हैं। उन्होंने दोहराया कि आई.एन.डी.आई. गठबंधन को 295 सीट मिलेगी।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी के महासचिव तरूण चुग ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है और पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव के. सी. वेणुगोपाल तथा पार्टी के नेताओं ने आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से एक बैठक की। बैठक में, पार्टी की मतगणना–पूर्व की रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार, पार्टी नेता और प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुए।

————————

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने आज अयोध्या में श्रीराम लला का दर्शन–पूजन किया। इससे पहले मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जितनी बिजली की आवश्यकता है वह दी जा रही है, जरूरत पड़ने पर, और बिजली राज्य को दी जायेगी। भाजपा नेता और

ऊर्जा मंत्री ने मतदान के बाद आये एग्जिट पोल को लेकर इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक्जिट पोल के आते ही विपक्षी गठबंधन की आवाज धीमी हो गई ह। एग्जिट पोल से ज्यादा सीटें एनडीए को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। चुनाव नतीजे आने के बाद यह गठबंधन बिखर जायेगा।

——————————

भाजपा नेता और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 400 से अधिक सीटों के साथ जीतकर तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि एग्जिट पोल सिर्फ रुझान है, असली नतीजे इससे ज्यादा बेहतर होंगे। उधर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि विभिन्न न्यूज चौनलों द्वारा प्रदर्शित एग्जिट पोल के माध्यम से जनता को धोखा दिया जा रहा है। उन्होंने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लोग दिखाए जा रहे एग्जिट पोल से भ्रमित न हों। इनका उद्देश्य विपक्ष का मनोबल तोड़ना है।

——————————

**ब्रेक**

अब लेते हैं ब्रेक...... (म्यूजिक)

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होगी, जिसको लेकर प्रदेश भर में जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतगणना सुबह आठ बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना प्रदेश के 75 जनपदों में 81 मतगणना केन्द्रों पर होगी। उन्होंने आज लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में मतगणना की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना आर ओ मुख्यालय जनपद के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी उसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतगणना की सतत निगरानी के लिए सामान्य प्रेक्षकों के साथ अतिरिक्त प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। बाइट...

*मतगणना के सतत दृष्टि रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सामान्य प्रेक्षकों के अलावा अतिरिक्त प्रेक्षक नियुक्त किए हैं। हमारे यहां अस्सी लोकसीाा क्षेत्र हैं तो अस्सी सामान्य प्रेक्षक हैं लेकिन ये निर्णय लिया गया कि प्रेक्षक अधिक से अधिक तीन विधानसभाओं क्षेत्रों को देखे यानी तीन हालों में उसका माना जाना हो इसके दृष्टिगत अतिरिक्त प्रेक्षक नियुक्त किए गये और इस समय उत्तर*

*प्रदेश में एक सौ उन्यासी प्रेक्षक हैं जो काउंटिंग पर नजर रखेंगे। पन्द्रह प्रेक्षकों को एक–एक विधानसभा क्षेत्र दिया गया है। एक सौ चार प्रेक्षकों को दो–दो विधानसभा क्षेत्र आवंटित हैं और साठ प्रेक्षक ऐसे हैं जिनको तीन–तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किए गये हैं।*

मतगणना के संबंध में हरदोई जिले में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई, जिसमें जिलाधिकारी ने मतगणना के दौरान चुनाव आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित किये जाने के निदेश दिये। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतगणना प्रक्रिया की जानकारी दी। अमरोहा में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा लिया और अवश्यक दिशा–निर्देश दिये। जौनपुर और बदायूं में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने बैठक कर पेयजल और विद्युत व्यवस्था के साथ ही अन्य इंतजामों को दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

मेरठ के जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि मतदान की समस्त प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशें के अनुसार सकुशल, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराई जायेगी। मथुरा में भी मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। चित्रकूट धाम मंडल बांदा के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने पुलिस अधिकारियों के साथ चित्रकूट में राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में बनाये गये मतगणना स्थल का औचक निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया।

——————————

कल देर रात से लेकर आज सुबह प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा के साथ हुई बूंदाबादी से आम जनमानस को कई दिनों से चल रही भोषण गर्मी से कुछ राहत मिली। गोरखपुर, देवरिया, संतकबीर नगर, महराजगंज, समेत पूर्वांचल के कुछ जिलों में सुबह बारिश के बाद मौसम साफ हो गया और धूप भी निकली लेकिन उसमें ज्यादा तपिश नही महसूस की गयी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में रह–रह कर बादल छाएगें और कुछ जिलों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की भी उम्मीद है।

उधर कल दोपहर तक प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी रहा। कई जिलों में अधिकतम तापमान पैतालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया। बीते चौबीस घंटे में सर्वाधिक तापमान अडतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस कानपुर में रिकार्ड किया गया।

——————————